# हिन्दी व्याकरण

DDE

Programme
B.A. General

Class:
B.A. Part -I

Subject:
Hindi

Dr. Kamraj Sindhu
Assistant Professor (Hindi)
Directorate of Distance Education
Kurukshetra University,
Kurukshetra

- १ वाक्य
- २ संज्ञा
-     २.१ जातिवाचक  संज्ञा
-     २.२ भाववाचक  संज्ञा

- 1 क्रिया
- 2 विशेषण
- 3 सर्वनाम
- 4 लिंग
- 5 वचन
- 6 कारक

- नीचे लिखे वाक्यों को पढ़ो-
- अशोक भुट्टा खा रहा है। रीता दूध पी रही है।
- दो बैल हल चला रहे हैं। बिल्ली धूप में बैठी है।
- क ख

1. भुट्टा अशोक रहा है खा। अशोक भुट्टा खा रहा है।
2. दूध रही पी रीता है। रीता दूध पी रही है।
3. दो हैं रहे चला बैल हल। दो बैल हल चला रहे हैं।
4. है में बैठी बिल्ली धूप। बिल्ली धूप में बैठी है।

- क के नीचे जो शब्दों के समूह हैं, उनसे किसी अर्थ का पता नहीं चलता। ख के नीचे जो शब्दों के समूह हैं, उनसे पूरे अर्थ का पता चलता है।
- हमने जाना- दो या अधिक शब्दों के समूह को वाक्य कहते हैं, जिससे ठीक अर्थ पता चले।
- 1. वाक्य में कम से कम दो शब्द अवश्य होने चाहिए।
- 2. उससे पूरा ठीक अर्थ पता चलना चाहिए।

- इन शब्दों को देखिए-
- 1. पशु 2. पक्षी 3. अशोक 4. मोर
- ऊपर के शब्दों से कोई पूरा अर्थ नहीं प्रकट होता। इनसे हमें पता नहीं चलता कि उनके बारे में क्या कहा जा रहा है। इसलिए ये वाक्य नहीं। इन्हें वाक्य बनाने के लिए हमें कहना होगा-

  - 1. पशु घास चर रहे हैं।
  - 2. पक्षी उड़ते हैं।
  - 3. अशोक हँसता है।
  - 4. मोर नाचता है।

- कुछ अन्य वाक्य देखिए (इनसे पूरे अर्थ का पता चलता है।)
- 1. हमारा देश भारत है।
- 2. भारत की राजधानी दिल्ली है।
- 3. अतुल पुस्तक नहीं पढ़ रहा।
- 4. राधा चतुर बालिका है।

- कभी-कभी एक-एक शब्द का भी वाक्य देखने में आता है। जैसे-

| | |
|---|---|
| 1. आइए। | 5. आई। |
| 2. चुप। | 6. बैठिए। |
| 3. कहिए। | 7. बोलो। |
| 4. चलो। | 8. लीजिए। |

- मौके पर इनसे पूरा अर्थ पता चलता है। परन्तु असल में इनमेंसे कुछ शब्द छोड़ दिये होते हैं। जैसे-
- 1. (आप) आइए। 5. (मैं) आई।
- 2. (अरे) चुप। 6. (आप) बैठिए।
- 3. (आप) कहिए। 7. (तुम) बोलो।
- 4. (आओ) चलो। 8. (आप) लीजिए।

- नीचे लिखी पंक्तियों में से जो वाक्य हैं उन पर चिह्न लगाइए। जो वाक्य नहीं हैं, उन पर चिह्न लगाइए :
- 1. मेरे पास एक पुस्तक है। 2. नरेश दूध।
- 3. बालक देर से उठता है। 4. हम सब भाई-भाई हैं।
- 5. माता पिता की सेवा। 6. गाली बकना बहुत।

- नीचे लिखे शब्दों से अपने वाक्य बनाइए :
- फल, दूध, माता, अध्यापक, पाठ, विद्यालय।

- नीचे लिखे वाक्यों को क्रम ठीक करके लिखिए :
- 1. गई आज बिल्ली रसोईघर में।
- 2. खाया फल रोज करो।
- 3. करो याद पाठ सदा।
- 4. न बोलो झूठ।
- 5. आग चली, वायु जली।
- 6. पर्वत है गिरती बर्फ पर।
- 7. सुखी परमात्मा रखें आपको।

**संज्ञा**

- कमला पढ़ रही है।
- बन्दर नाच रहा

- जो शब्द किसी मनुष्य, जीव, स्थान या वस्तु का नाम बताएँ उन्हें संज्ञा कहते हैं।
- 1. हर एक मनुष्य का कोई न कोई नाम है। जैसे- हरि, अशोक,अकबर, एंथनी, रीटा, लता, आशा, नजमा आदि।
- 2. हर एक पशु का कोई नाम है। जैसे- गाय, घोड़ा, बन्दर,रीछ, हाथी, बकरी आदि।
- 3. हर एक स्थान का कोई नाम है। जैसे- भारत, इंग्लैंड,दिल्ली, मैसूर, चाँदनी चौक, स्कूल आदि।
- 4. हर एक वस्तु का कोई न कोई नाम है। जैसे- पेंसिल,कागज, पुस्तक, पेड़, पत्ता,

- **जातिवाचक संज्ञा**
- मैं अतुल हूँ। हम बालक हैं।
- यह हैरी है। ये कुत्ते हैं।

- **भाववाचक संज्ञा**
- यह तो हमने जान लिया कि किसी मनुष्य, पशु, पक्षी, जीव, स्थानऔर वस्तु के नाम को संज्ञा कहते हैं। किसी सजीव या निर्जीव(बेजान) को हम उसके नाम से ही पहचानते हैं। सब ठोस चीजों काकोई न कोई नाम होता- यह बात हमने समझ ली।परन्तु क्या आप जानते हैं कई नाम ऐसे हैं जो ठोस प्राणियों या पदार्थों के नहीं? ऐसे नाम अर्थात् संज्ञा शब्द किसी व्यक्ति, वस्तु यास्थान के गुण, दोष, धर्म, दशा, आदत या काम को बतलाते हैं।
- 1. लाल किले की सुन्दरता देखते ही बनती है।
- 2. पिकनिक पर न जाने से लता के मुँह पर उदासी छा गई।
- 3. अतुल की मुस्कराहट कितनी प्यारी है।
- 4. अशोक की अनिल से मित्रता हो गई है।

- **क्रिया**
- नीचे लिखे वाक्यों को पढ़िए -
- सूर्य आकाश में चमक रहा है.
- बालक हँस रहा है.
- लता नाच रही है.
- बस खड़ी है.

- **विशेषण**
- इन वाक्यों को पढ़िए :
- 1. यह मोटा आदमी है। 2. वह पतला आदमी है।
- 3. यह ऊँचा पेड़ है। 4. वह छोटा पौधा

- 1. पहले वाक्य में मोटा शब्द आदमी की विशेषता है।
- 2. दूसरे वाक्य में पतला शब्द बालक की विशेषता है।
- 3. तीसरे वाक्य में ऊँचा शब्द पेड़ की विशेषता है।

- **सर्वनाम**
- नीचे लिखे वाक्यों को पढ़िए :
- 1. राम ने कहा- राम कक्षा में प्रथम आएगा।
- राम ने कहा- मैं कक्षा में प्रथम आऊँगा।
- 2. सुनीति की माता ने कहा- सुनीति अच्छी लड़की है।
- सुनीति की माता ने कहा- तू अच्छी लड़की है।
- 3. हम हमारे घर जा रहे हैं।ऊपर जो वाक्य लिखे हैं, उनमें- मैं, तू, अपने, वह, उसने, वह, - शब्द सर्वनाम हैं। इन्हें सर्वनाम इसलिए कहते हैं कि ये सब संज्ञाओं के स्थान पर काम आ जाते हैं।

# धन्यावाद